तिथि 06 मई 2025 समय 1810

- केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास कराने का निर्णय लिया है और केन्द्रीय गृह सचिव ने इसको लेकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों से बातचीत की।
- पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि नागरिक सुरक्षा अभ्यास कराने का निर्णय एक अनुभवी व उचित फैसला है।
- राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।
- पंजाब और हरियाणा के बीच जल विवाद के मुद्दे पर भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड की याचिका पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई।
- हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा को भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड से मिलने वाले पीने का पानी रोके जाने पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की आलोचना की।

************************************************************
**********

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने देश के 244 नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है।केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने कल होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए आज राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की।हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल होने वाली इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी देने वाली प्रणालियों की प्रभावशीलता का आकलन किया जाएगा, वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो संचार लिंक का संचालन

किया जाएगा। साथ ही नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का भी परीक्षण होगा। इसके अलावा अभ्यास में हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।क्रैश ब्लैकआउट उपायों के प्रावधान के अलावा, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने और निकासी योजना को अपडेट करने और उसका पूर्वाभ्यास करने का प्रावधान भी इस मॉक ड्रिल में शामिल है।

*************************************************************
*******

देशभर में एनसीसी कैडेट कल नागरिक सुरक्षा अभ्यास में भाग लेंगे। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में राष्ट्रीय कैडेट कोर-एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कहा की एनसीसी कैडेट आग लगने की स्थिति में बचाव कार्यों और आपात स्थिति में राहत से जुड़े मॉक ड्रिल में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया -

*************************************************************
*********

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा है की पहलगाम  हमले के बाद मौजूदा स्थिति को देखते हुए देश के लिए हर तरह की तैयारी जरूरी  है।आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा कल देश के विभिन्न जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास किए जाने का निर्णय एक अनुभावी और उच्चित फैसला है।

राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक ने कहा -

*************************************************************
********

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने आज पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए करनाल के जल सेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के घर जाकर परिवारजनों से संवेदना व्यक्त की। उनके साथ कांग्रेस सांसद

दीपेंद्र हूडा और पूर्व विधायक शमशेर गोगी मौजूद रहे। श्री दीपेंद्र हूडा ने बताया कि श्री राहुल गांधी ने परिवार से बातचीत की और उन्हें ढाढस बंधाया।

***********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********************************************************************

पंजाब और हरियाणा के बीच जल विवाद के मुद्दे पर भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड द्वारा दाखिल याचिका पर आज पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड के वकील ने उच्च न्यायालय में अपनी दलील दी कि पंजाब पुलिस भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड BBMB का संचालन नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा की पंजाब पुलिस का BBMB का संचालन अपने हाथ में लेना दुर्भाग्यपूर्ण है।वहीं पंजाब के वकील ने न्यायालय में कहा कि हरियाणा अपने कोटे से ज्यादा पानी ले रहा है। हरियाणा मार्च तक अपने कोटे का पानी ले चुका है। इस को लेकर BBMB द्वार न्यायालय को को गुमराह किया गया है।

***********************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा को भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड से मिलने वाले पीने का पानी रोके जाने पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की आलोचना की है।उन्होंने कहा कि ऐसे समय में

जब पहलगाम हमले के बाद सीमा पर तनाव है, पंजाब के नेताओं का रवैया चिंताजनक है।

उन्होंने कहा –

*****************************************************************
**********

भाखड़ा जल विवाद मुद्दे पर इंडियन नैशनल लोकदल के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज जींद में प्रदेशाध्यक्ष राम पाल माजरा के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन किया।उन्होंने जिला उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में श्री राम पाल माजरा ने कहा -

श्री माजरा ने कहा कि हरियाणा में सूखे की स्थिति बनी हुई है।उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री संघीय ढांचे के खिलाफ चल रहे हैं।

इनेलो प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर पंजाब सरकार पानी देने के लिए नहीं मानी तो इनेलो एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी|

*****************************************************************
********

बिहार में चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आज तीसरे दिन फुटबॉल, तैराकी, जूडो, सेपक टाकरा और निशानेबाजी के मुकाबले हुए।लड़कों के वर्ग के फुटबाल मुकाबलों में सुबह के सत्र में मेघालय और ओडिशा ने जीत दर्ज की। मेघालय ने चंडीगढ़ को 10-1 से और ओडिशा ने बंगाल को 2-0 से हराया। फुटबॉल के हरियाणा और दिल्ली की टीम के बीच हुआ मुकाबला हरियाणा ने जीता। इस मुकाबले में हरियाणा ने 6 गोल दागे, दिल्ली की टीम मात्र 1 गोल कर सकी।राजगीर खेल परिसर में कबड्डी के रोचक मुकाबले देखने को मिले। लड़कियों के वर्ग में हरियाणा की टीम ने छत्तीसगढ़ को पराजित किया। वहीं लड़कों के वर्ग में हरियाणा के की टीम ने पूल-ए के मुकाबले में आंध्र प्रदेश को पराजित कर कबड्डी में अपना विजय अभियान जारी रखा।

*****************************************************************

***********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिला नूंह के अवैध खनन से जुड़े एक पुराने मामले में संज्ञान लेते हुए खनन विभाग के 6 अधिकारियों को चार्जशीट करने के निर्देश दिए हैं।इसके अलावा उन्होंने अवैध खनन में पंचायत और वन विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अधिकारियों को चार्जशीट किया गया है उनमें सहायक खनन अधिकारी आर.एस. ठाकरान, खनन अधिकारी भूपेंद्र सिंह, बी.डी. यादव, राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार तथा अनिल अटवाल शामिल हैं।